हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 10 जनवरी 2026

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 जिम्मेदारों की अनदेखी भविष्य में बन सकती है...



07 सुविधाः मंडी में 1.5 करोड़ से लगेंगी अनाज ग्रेडिंग...



## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में गिरफ्तारी

**सेमरीहरचंद।** नगर की पटवा लाइन के मनिहारी व्यवसाई राजू पटवा को पिपरिया पुलिस द्वारा दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। जोकि नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में पुलिस चौकी प्रभारी आकाशदीप पचाया ने बताया कि वह सोहागपुर थाने में ड्यूटी पर थे पिपरिया पुलिस द्वारा सूचना दी गई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया होगा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला चेक बाउंस का बताया जा रहा है।

### ठंड में जरूरतमंदों को कंबल-शॉल वितरित

**नर्मदापुरम।** इनर व्हील क्लब के अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल ने बताया कि बढ़ती हुई ठंड के चलते सेठानी घाट पर जरूरतमंद बुजुर्गों को गरम शॉल प्रदान की गई। 10 जनवरी को इनरव्हील डे मनाया जाता है। और प्रतिवर्ष इनर व्हील संस्था द्वारा सेवा कार्य किए जाते हैं। इस दौरान सभी सदस्याओं ने शपथ ली की सेवा कार्यों के प्रति हमेशा कर्मठ रहेंगे।इस अवसर पर, अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, वंदना समैया, अंजू गुप्ता, ऋतु जैन, अंशुअग्रवाल, मऊ चौधरी, निधि जैन, किरण विश्वकर्मा, और विजेता दुबे की सहभागिता रही।

### सौजन्य भेंट, सफल आयोजन पर मिली बधाई



**माखननगर।** माखननगर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ विकासखंड माखन नगर के पदाधिकारियों द्वारा शासकीय मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल माखन नगर की प्राचार्य प्रीति झा से सौजन्य भेंट की गई तथा अनुवर्तन कार्यक्रम के अंतर्गत हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।
इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष मालकजी पटेल, तहसील अध्यक्ष ललित सोनी एवं ब्लॉक सचिव समदर्शी सोनी ने हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान पुस्तक एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अखिल भारतीय शैक्षिक महान संघ का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया गया।
कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक साथियों में प्रमुख रूप से अर्चना चावड़ा, मनोज कुमार सुनानिया, भूपेंद्र यादव, कीर्ति पटेल, रविशंकर साहू आदि उपस्थित रहे।

### बसों की जांच में एक्स्ट्रा एलईडी जब्त की

**नर्मदापुरम।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकु शर्मा द्वारा पिपरिया स्थित पचमढ़ी बस स्टैंड एवं पिपरिया मुख्य बस स्टैंड पर बसों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दोनों बस स्टैंड पर 15 से अधिक बसों के दस्तावेजों की जांच की गई। उल्लंघन पाए जाने पर 4 बसों से कुल 14 एक्स्ट्रा एलईडी लाइट जब्त की गईं।

## बचपन का पसंदीदा खेलः विधायक ने गेंद से गिराया पिट्ठू, 'खेलो एमपी' का प्रोमो संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो एमपी अभियान के तहत पारंपरिक खेल पिट्ठू को पुनर्जीवित करने की एक अनूठी पहल की गई। जयस्तंभ चौक पर आयोजित प्रोमो इवेंट में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने न केवल शिरकत की, बल्कि स्वयं मैदान में उतरकर पिट्ठू खेलकर अपनी बचपन की यादों को ताज़ा किया।



### विधायक ने गेंद मारकर याद किया बचपन

विधायक डॉ. शर्मा ने जब पिट्ठू पर गेंद का सटीक निशाना लगाया, तो उपस्थित जनसमूह ने तालियों से उनका स्वागत किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह खेल हमारे संस्कारों और शारीरिक दक्षता का हिस्सा रहा है। वहीं, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा, हम सभी ने बचपन में यह खेल गलियों में खेला है। मध्य प्रदेश सरकार की यह पहल नई पीढ़ी को हमारी मिट्टी के खेलों से जोड़ने का गौरवशाली प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान नपा अध्यक्ष ने नर्मदापुरम जिला पिट्ठू एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक मालवीय, जिला सचिव मोहम्मद जाफर सिद्दीकी और कॉर्पोरेट देवेंद्र परिहार का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

### ट्रायल की तारीख घोषित

जिला सचिव जाफर सिद्दीकी ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि 12 जनवरी से ब्लॉक स्तर की ट्रायल शुरू होगी। इसके पश्चात चयनित खिलाड़ी जिला, संभाग और फिर राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस अवसर पर खेल विभाग से महेंद्र पचलानिया, कोच दीप सिंह ठाकुर, कृष्णा साहू सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और आम नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पारंपरिक खेल का जमकर आनंद लिया।

## बी-फॉल मार्ग और जलप्रपात पर चलाया 'विशेष स्वच्छता अभियान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

प्रकृति के संरक्षण और पर्यटन स्थलों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान पचमढ़ी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बी-फॉल और उसके पहुँच मार्ग पर सघन सफाई की गई।

यह अभियान सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, पचमढ़ी के सहायक संचालक संजीव शर्मा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी (पश्चिम पचमढ़ी) विवेक तिवारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान विभाग के



अधिकारियों ने स्वयं उपस्थित रहकर स्वच्छता कार्यों की निगरानी की और गाइडों का उत्साहवर्धन किया।

अभियान की मुख्य विशेषता यहाँ कार्यरत गाइडों की सहभागिता रही। प्रतीक्षारत गाइडों ने जलप्रपात के नीचे की पहाड़ियों और पैदल मार्ग पर उतरकर पर्यटकों द्वारा फैलाए गए कचरे को साफ किया। इस दौरान भारी मात्रा में प्लास्टिक की बोतलें,गुटखा/चिप्स के पाउच,पॉलीथीन और रैपर्स जैसे अपशिष्टों को एकत्रित कर वन विभाग के वाहन के माध्यम से छावनी परिषद (केंट) स्थित कचरा संग्रहण केंद्र भेजा गया, ताकि उनका उचित निस्तारण हो सके।

अधिकारियों ने कहा कि पचमढ़ी की सुंदरता यहाँ की स्वच्छता में निहित है। कृपया पर्यटन स्थलों पर कचरा न फैलाएं और डस्टबिन का उपयोग कर प्रकृति को बचाने में सहयोग करें यह अपील पर्यटकों से की गई।

### अब तक 12 टंकियों की सफाई की, पेयजल टेस्टिंग कार्य हुआ

नपा अब जल की शिकायतों का कर रही समाधान

## नपा को भय, कहीं प्यास बुझाने वाली लाइनें कर न दे 'बीमार'

इंदौर की घटना के बाद नर्मदापुरम नगर पालिका जल सप्लाई को लेकर सचेत नजर आ रही है। शिकायतों का समाधान करने तत्काल दल मौके पर पहुंच रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद नर्मदापुरम नगर पालिका अलर्ट मोड़ पर आ गई है। जल प्रदाय व्यवस्था वैसे तो पटरी पर है, लेकिन लोगों की जल संबंधी आ रही शिकायतों का तत्काल समाधान घटना स्थल पर पहुंचकर अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा 30 वर्ष पुरानी हो चुकी पेयजल सप्लाई को नए सिरे से लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पर विचार मंथन चल रहा है। वहीं सीएमओ से लेकर नपाध्यक्ष वार्डों का निरीक्षण कर रही है ताकि हालात बिगड़े नहीं,लेकिन कई स्थानों पर देखने को मिल रहा है कि जिन पाइपलाइनों से लोगों के घरों में पीने का स्वच्छ पानी जाता है। वहीं लाइनें गंदे नालों और नालियों के भीतर से होकर गुजर रही हैं। अब इन्हें बदलने के ठोस प्रयास की कार्य योजना बनाना जरूरी हो गया है।

### शिकायत का हो रहा समाधान

दूषित जल संबंधी शिकायतों का समाधान लगातार किया जा रहा है लेकिन कुछ लोग अपने घरों तक पाइपलाइन का कनेक्शन मुफ्त में मांग रहे है जिसके कारण अधिकारियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में नपा अध्यक्ष नीतू यादव ने बताया है कि जिन क्षेत्रों से जल संबंधित शिकायतें आ रही हैं, उनका निराकरण तत्काल किया जा रहा है। साथ ही शहर में 30 वर्ष पुरानी पेयजल की पाइपलाइनों को बदलने जल्द ही टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। हमारी प्राथमिकता है कि किसी भी घर में दूषित पानी न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### अब तो आंखें खोलो......



कुछ दिनों पहले इंदौर से जो तस्वीर आई थीं,उसने नर्मदापुरमवासियों को सोचने पर विवश कर दिया है। यह कराह उन हजारों नर्मदापुरमवासियों की है, जो सुबह अपने नलों से स्वच्छ जल नहीं बल्कि बीमारियां निकलते देख रहे है। शहर में कई इलाकों से जो तस्वीर देखने को मिल रही है, उसे देखकर एक ही शब्द निकलता है 'हे राम' क्या शर्म नहीं आती! हालाकि अब ऑनलाईन शिकायत का समाधान तत्काल किया जा रहा है। जिससे लोगों के घर स्वच्छ पानी पहुंच सके।

### नप ने कराई पेयजल टंकियों की सफाई

नगर में पेयजल सप्लाई को लेकर नगरपालिका की टीम अलर्ट है। नगर की समूची पेयजल टंकियों की सफाई कराई जा रही है। इससे पूर्व फिल्टर प्लांट की सफाई कराई गई थी और लीकेज पाइप लाइन बंद की जा रही है। अभी तक नगर की 12 टंकियां साफ की जा चुकी है। जल प्रदाय शाखा प्रभारी उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि नगरपालिका द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर समूचे नगर की टंकियों की सफाई अभियान जारी है।



### 30 वर्ष पुरानी पाइप लाइनों को बदलने की कार्ययोजना

जिला मुख्यालय पर कई स्थानों पर आज भी 30-40 वर्ष पुरानी लोहे की पाइपलाइनों के सहारे जलापूर्ति की जा रही है। ये लाइनें जमीन के भीतर सड़ चुकी हैं, जगह-जगह जंग और लीकेज की शिकायतें सामने आ रही है। ऐसे में नगर पालिका अब इन पुरानी हो चुकी पाइपलाइनों को बदलने पर जोर दे रही है साथ ही टेंडर प्रक्रिया निकालने के प्रयास में है ताकि लोगों के घरों तक स्वच्छ पानी पहुंचाया जा चुके।



## एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन देगा महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

सेमरी हरचंद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संघ के प्रकल्प एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा नगर में महिलाओं का रोजगारोन्मुखी केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा 3 माह के इस प्रशिक्षण में महिलाओं को सिलाई के प्रारंभिक प्रशिक्षण से लेकर विशेषज्ञ बनने तक का सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा।


सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ मास्टर ट्रेनर माया सोलंकी एवं मोहिनी राजपूतर तथा शैली चौहान ने केंद्र की समस्त सिलाई मशीनों का पुष्प अक्षत से पूजन किया।शुभारंभ के अवसर पर संभाग योजना प्रमुख रघुनंदन सिंह गौतम ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एकल अभियान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि देश के ग्रामीण क्षेत्र में एकल अभियान अंतर्गत पंचमुखी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसमें प्राथमिक शिक्षा आरोग्य शिक्षण एकल ग्रामोत्थान जागरण शिक्षा एवं संस्कार शिक्षा के माध्यम से एकल अभियान के एक लाख प्रशिक्षण केंद्र देश में चल रहे हैं उसी कड़ी में सेमरी हरचंद में महिलाओं को निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष महेश खंडेलवाल,रमेश खंडेलवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संघ चालक संदीप महेश्वरी वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश नामदेव गायत्री परिवार की प्रतिभा साहू आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। शुभारंभ के अवसर पर सरपंच चेतन मीना मंडल अध्यक्ष भाजपा योगेश मालवीय देवेश शर्मा घनश्याम गोस्वामी एडवोकेट भरत तिवारी उपस्थित थे।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में फैंसिंग से आम जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व विभाग एसडीओ पचमढ़ी के द्वारा पचमढ़ी मटकुली ग्राम पंचायत के आसपास के ग्राम पंचायत में फैंसिंग करने का काम किया जा रहा है। एसडीओ संजीव शर्मा के द्वारा लगातार नांदिया से लेकर पिसुआ चन्दन पिपरिया मैली सहित अन्य सभी शामिल हुए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में फैंसिंग करने वाले हैं। जिसमें सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में लगभग 4 करोड रुपए खर्च करने के लिए विभाग द्वारा दिए गए हैं।

नांदिया ग्राम पंचायत के दर्जनों आदिवासी समुदाय ने पिपरिया आकर पटवारी को तत्काल प्रभाव से सीमाओं की जानकारी देने की बात कही गई है। पटवारी ने अभी आश्ववासन लेकर विदा कर दिया गया है। लेकिन सरपंच ने बताया कि अनेकानेक लोगों के खेत तक



फैंसिंग कर रहे हैं। अधिकारी किसी भी तरह से सुनते ही नहीं है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान से मुलाकात हेतु आए थे पर वह नहीं मिले। दयाराम आदिवासी ने बताया कि पटवारी ने उन्हें बुलाया था। वह देख कर ही बताएं डे की सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की सीमा गांव में कहा तक है। वर्तमान में कुछ लोगों को जानकारी दी गई है। कुछ लोगों को आसा शासन दिया है शीघ्र निर्णय कर दिया जाएगा इस दौरान एसडीओ सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पचमढ़ी संजीव शर्मा ने बताया कि वह अपनी चिन्हित सीमा में कार्य कर रहे हैं।

### अहम बैठक में लिए निर्णय, 6 से 15 फरवरी तक महादेव मेला आयोजित होगा

## मेले में पानी की जांच जरूर कराएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश के सुप्रसिद्ध हिल स्टेशन एवं पर्यटन स्थल पचमढ़ी में इस वर्ष 6 फरवरी से 15 फरवरी तक महादेव मेला आयोजित किया जाएगा। नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने शुक्रवार को पचमढ़ी में महादेव मेले की तैयारियों की समीक्षा की। पचमढ़ी स्थित संजय गांधी प्रशिक्षण संस्थान में प्रशासनिक अधिकारियों सहित मेला समिति सदस्य, एवं अशासकीय सदस्य की उपस्थिति में महादेव मेला की तैयारी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन द्वारा मेले की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मेले में मध्य प्रदेश और विशेषकर महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मेला अवधि में लगभग 5 से 6 लाख श्रद्धालु



पचमढ़ी पहुंचते हैं। इस दौरान मेला स्थल, मंदिर पहुंच मार्ग, सभी सेक्टर सहित अन्य आवश्यक स्थानों पर पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से चलती रहे साथ ही पानी की स्वच्छता की जांच किया जाना भी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ पिपरिया को निर्देशित किया कि साडा के साथ समन्वय कर पानी के टैंकरों को भी यथा उचित स्थान पर रखा जाए तथा समय-समय पर उनकी रिफिलिंग भी की जाती रहे। उन्होंने निर्देश दिए की पीएचई द्वारा पानी की जांच के लिए जांच दल की ड्यूटी लगाई जाए तथा दिन में दो बार नियमित रूप से पानी की जांच सुनिश्चित की जाए।

### ट्रैफिक, पार्किंग पर चर्चा

बैठक में बताया गया कि पूर्व वर्ष की तरह इस बार भी पचमढ़ी में बड़ी बसों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जिसके लिए मटकुली पर एक चेक पॉइंट बनाया जाएगा। साथ ही पगारा के पास भी एक चेक पॉइंट रहेगा। इस प्रकार दोनों चेक पॉइंट के माध्यम से वाहनों का प्रबंधन किया जाएगा। कलेक्टर मीना ने ट्रैफिक पुलिस सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान ट्रैफिक का बेहतर प्रबंधन किया जाए। चिन्हित पार्किंग स्थलों पर भी पर्याप्त रोशनी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी रहें। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल पर प्रवेश और निकासी के पृथक द्वार तैयार करें जिससे कि वाहनों का आवागमन आसानी से होता रहे। पार्किंग तथा यातायात प्रबंधन के लिए एक समर्पित टीम को तैनात करें जो समय समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले। उन्होंने निर्देश दिए की पार्किंग स्थल का समतलीकरण भी अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित करें।

### लोक निर्माण विभाग समय पर पूर्ण करे सभी कार्य

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को मेला स्थल तक आने जाने वाले मार्ग में आवश्यक मरम्मत शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को मेला स्थल पहुंच मार्ग और चौरागढ़ मंदिर की क्षतिग्रस्त सीढ़ियां और चबूतरों की मरम्मत तथा नांदिया जंक्शन की तरफ से प्रवेश मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। सड़क के शोल्डर भी अनिवार्य रूप से भरे जाएं।

## मुख्यमंत्री से समय मांगने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शुक्रवार को मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रोहन जैन ने पत्र लिख मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है। पत्र में कलेक्टर के माध्यम से नर्मदा जयंती महोत्सव में मुख्यमंत्री के अतिथि के रूप में शामिल होने के अवसर पर युवक कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल क्षेत्र के विकास एवं गंभीर मुद्दों पर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपना चाहता हैं चर्चा में प्रवक्ता रोहन जैन ने बताया कि हमारे द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है।समय मिलने की दशा में प्रतिनिधिमंडल मुलाकात कर क्षेत्र के विकास संबंधी विषय पर अपनी बात रखेगा व क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था की लचरता के कारण आम जनता को आ रही समस्या से भी अवगत कराएगा ।

## माखननगर में रामधुन, झांझ-मंजीरों की धुन पर सकल हिंदू समाज ने निकाली विशाल प्रभात फेरी



माखननगर। माखननगर में सकल हिंदू समाज ने हिंदू सम्मेलन के प्रथम दिन बालाजी मंदिर से विशाल प्रभात फेरी आरंभ की प्रभात फेरी में शामिल हर वर्ग हर उम्र के लोग नगर के प्रमुख मार्गो से झांझ मंजीरे बजाते हुए हाथों में केसरिया ध्वज लेकर राम धुन गाते हुए निकाली गई।

### खबर संक्षेप

## भाजपा नेता के फार्म हाउस पर ईडी का छापा

**बैतूल।** प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम ने बैतूल जिले के ग्राम डहरगांव स्थित एक भाजपा नेता के फार्महाउस पर शुक्रवार को छापा मारा है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले से जुड़ी बताई जा रही है, जिसके लिए ईडी की टीम महाराष्ट्र के नागपुर से बैतूल पहुंची है। सूत्रों के अनुसार बैतूल में यह छापा नागपुर में चल रही एक बड़ी कार्रवाई का हिस्सा है, जहां ईडी ने दो.तीन अन्य स्थानों पर भी एक साथ दबिश दी है। डहरगांव में कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान भी मौजूद हैं। जानकारी मिली है कि बैतूल में ईडी की 12 सदस्यीय टीम इस अभियान को अंजाम दे रही है। बैतूल के पुलिस अधीक्षक एसपी वीरेंद्र जैन ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह ईडी की रेड है, जो नागपुर की टीम ने की है। टीम ने स्थानीय पुलिस की किसी तरह की मदद नहीं मांगी है। बताया जा रहा है कि भाजपा नेता खेड़ी सावलीगढ़ भाजपा मंडल में मंत्री, सहकारी समिति के अध्यक्ष और सिविल कांट्रेक्टर हैं। उनका प्रॉपर्टी से जुड़ा व्यवसाय भी है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक स्थानीय पुलिस या प्रशासन को इस कार्रवाई की कोई पूर्व जानकारी नहीं दी गई थी। ईडी ने पूरी कार्यवाही को गोपनीय रखा है और मीडिया कवरेज पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने मीडिया को वीडियोग्राफी से रोकते हुए बताया कि यह कार्रवाई शनिवार तक जारी रह सकती है।

## 14 जनवरी को पूर्व सैनिकों का होगा सम्मान

**बैतूल।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 14 जनवरी को प्रातः 11 बजे वेटरन्स दिवस का आयोजन किया जाएगा। कैप्टन आईएन सुमित सिंह सेवानिवृत्ति जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के लगभग 100 पूर्व सैनिकों एवं वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## 12 जनवरी को जेएच कॉलेज में होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**बैतूल।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को बैतूल जिला मुख्यालय स्थित जेएच कॉलेज परिसर में प्रातः 9 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। इस सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न शासकीय एवं निजी संस्थाओं के विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक एवं समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

### लापरवाही: सूखे पेड़, बिजली के तार और ट्रांसफार्मर बने हुए हैं खतरा

# जिम्मेदारों की अनदेखी भविष्य में बन सकती है बड़े हादसे का कारण



योगेश मालवीय ▶▶ सारनी

नगर में सरकारी विभागों की लापरवाही भविष्य में हादसे का रुप लेकर लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि संत कबीरदास वार्ड क्रमांक 11 में बिजासन मंदिर के पास कई महीनों से सौगान के सूखे पेड़ खड़े है, जो हवा चलते ही जमकर लहराने लगते है। जिससे यह पेड़ या उनकी शाखाएं भविष्य में गिरकर बड़े हादसे का कारण भी बन सकते है। इस संबंध में वार्ड के लोगों ने कईयों बार सरकारी विभागों के अधिकारियों को अवगत भी कराया, लेकिन उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। संत कबीरदास वार्ड के नितिन बिहारे, सुरेश अग्रवाल ने हरिभूमि संवाददाता को बताया कि इन्हीं सूखे पेड़ों के बीच से बिजली विभाग के कई हाई-वोल्टेज तार गुजर रहे हैं और पास ही ट्रांसफॉर्मर भी स्थापित है। ऐसे में यदि यह पेड़ गिरते है तो बिजली के तारों के साथ टकराने के कारण बड़ा हादसा या नुकसान भी हो सकता है। रहवासियों का कहना है कि जिस स्थान पर यह पेड़ और तार लगे है, वहां से रोजाना वार्ड के लोग का दिनरात आना-जाना है। इसके बावजूद न तो पेड़ों को काटकर हटाया जा रहा है और न ही बिजली के तारों को ही व्यवस्थित किया जा रहा है, और न ही कोई सुरक्षा इंतजाम नजर आ रहें है। ट्रांसफॉर्मर के आसपास सुरक्षा मानकों का भी पालन नहीं किया गया है।

### जिम्मेदारों की अनदेखी लोगों के लिए खतरा

सूखे पेड़, बिजली के तारों का जाल और ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा के इंतजामों की अनदेखी लोगों के लिए खतरा बनी हुई है। इस पूरे मामले में वन विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। वार्ड के लोगों का कहना है कि यदि वन विभाग से पेड़ काटने के लिए कहते है तो वह नगरपालिका क्षेत्र होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहें है। इस संबंध में जब हमने वन विभाग सारनी के रेंजर सुवेंदु नायक से बात की तो उनका कहना था कि वह नगरपालिका क्षेत्र के अंदर आता है। यदि नगरपालिका हमें बोले और अनुमति दें तो ही हम कार्यवाही करेगे। वहीं नगरपालिका के अधिकारी लोगों को सिर्फ आश्वासन देकर टाल देते है। लेकिन सूखे पेड़ों को काटने का काम कोई भी सरकारी विभाग नहीं कर रहा है। वार्डवासियों का आरोप है कि नगरपालिका केवल विकास कार्यो पर ही ध्यान देती है, लेकिन लोगों के लिए जो पेड़ खतरा बने हुए है, उन पर किसी का ध्यान नहीं है। पार्षद से कहने के बाद भी पेड़ों को काटने के लिए नगर पालिका और वन विभाग के कोई भी कर्मचारी नहीं आये। जिससे हमेशा लोगों में सूखे पेड़ों को लेकर डर का माहौल बना रहता है।

### हवा चलते ही झूलने लगते हैं सूखे पेड़

अभी ठंड का मौसम है। ऐसे में थोड़ी बहुत हवा चलने पर यह सूखे पेड़ जमकर लहराने लगते है। लेकिन आने वाले महीने में गर्मी शुरू हो जाएगी और गर्मी में तेज हवाएं चलती है। ऐसे में यह पेड़ तेज हवाओं की वजह से धराशायी हो सकते है। वार्डवासियों का कहना है कि अगर सूखा पेड़ गिरे और किसी प्रकार की बड़ी हानि या नुकसान हुआ, तो इसकी जिम्मेदार विभागों की होगी, क्योंकि कई बार अवगत कराने के बाद भी बिजली, वन विभाग और नगरपालिका द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे लोगों में इन विभागों की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी भी देखी जा रही है। लोगों की मांग है कि सूखे सागौन के पेड़ों को काटकर हटाया जाए एवं बिजली के तारों को व्यवस्थित कर ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा के इंतजाम किये जाये, ताकि भविष्य में किसी प्रकार के हादसे का अंदेशा न रहे।

### पेड़ की कटाई हो सकती है

यह काम मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल विभाग का है। यदि सिविल विभाग नगरपालिका को ऑनलाइन आवेदन करे, तो हम एनओसी दे देंगे।

**-सीके मेश्राम**, सीएमओ, नगरपालिका सारनी

वन विभाग के डीएफओ और नगरपालिका अगर अनुमति देते है तो पेड़ की कटाई हो सकती है।

**राजेंद्र कुमार सोनी,**
अधीक्षक अभियंता सिविल, मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी सारनी

हां वह पर बहुत दिनों से सूखे पेड़ खड़े हुए हैं, जो लोगों के लिए खतरा बने हुए है। मैं विभागों से बात करता हूं।

**रूपेन्द्र चौहान**, विधायक प्रतिनिधि, सारनी

## गन्ना बाड़ी में लगी आग हजारों का नुकसान



**भैंसदेही।** गन्ना बाड़ी में अचानक आग लग गई। जिसमें गन्ने की अधिकांश फसल सहित पाईप लाईन जलकर खाक हो गई। आगजनी की इस घटना में संबंधित किसान को हजारों रूपये का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि भैसदेही नगर के कौड़ीढ़ाना निवासी प्रदीप महाले के खेत में खड़ी गन्ने की लगभग 5 से 6 एकड में अचानक आग लग गई। आग किन कारणों से लगी, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगने की जानकारी लगते ही आसपास के किसान मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। इसके साथ ही दमकल वाहन को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

## बैतूल से अयोध्या रामेश्वरम बाइक यात्रा



**शाहपुर।** बाइक से 15 हजार किमी की यात्रा कर महेशचंद्र रावत और उनकी पत्नी शाहपुर पहुंचेए जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही यात्रा के बारे में जानकारी हासिल की। महेशचंद्र रावत ने बताया कि यह यात्रा उन्होंने प्रभु श्री राम के नाम से प्रारंभ की। उनकी इस यात्रा को लगभग दो माह 5 दिन का समय लगा। उन्हें किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई। चर्चा में बताया कि उन्होंने होटलिंग नहीं की। पुरी यात्रा के दौरान धार्मिक स्थल और हिंदू भाइयों ने उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान किया। यह यात्रा बहुत ही अच्छे तरीके से संपन्न की। उन्होंने बताया कि उनके पिताजी प्रतिदिन अपने निवास पर रामायण का पाठ करते हैं। उन्होंने पाठ में भगवान राम के बारे में बचपन से सुना और जाना। जिसके बाद यात्रा का मन में निश्चय कर भगवान श्री राम का नाम लेकर यात्रा प्रारंभ की। स्वागत कार्यक्रम में योग गुरु संतोष राठौड़ए तहसील योग प्रभारी शारदा प्रसाद गुप्ताए पत्रकार संजय जगतापए संतोष राठौड़ए गौरव सहित माता बहनों ने फूल माला से उनकी आरती उतार कर तिलक लगाया और स्वागत किया।

### विद्यार्थियों ने प्रकृति से जुड़कर सीखे संरक्षण के गुर

## भौंरा वन परिक्षेत्र में आयोजित अनुभूति कैंप



**भौंरा।** वन परिक्षेत्र भौंरा (सामान्य) द्वारा बास डिपो स्थित नर्सरी परिसर में अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की तीन शासकीय शिक्षण संस्थाओं शासकीय कन्या माध्यमिक शाला, शासकीय बालक माध्यमिक शाला एवं शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय भौंरा के कुल 105 विद्यार्थियों बालक एवं बालिकाएं ने सहभागिता की। इनमें कक्षा 6वीं से 8वीं तक के 60 तथा कक्षा 9वीं से 11वीं तक के 45 विद्यार्थी शामिल रहे। कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन, पर्यावरण एवं जैव-विविधता के प्रति जागरूक करना रहा।

नर्सरी भ्रमण के दौरान बच्चों को पौध उत्पादन, रोपण की प्रक्रिया, वनों की उपयोगिता, जल एवं मृदा संरक्षण, तथा मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। संवादात्मक सत्रों में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया, जिससे वे संरक्षण की मूल अवधारणाओं से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ सके। कार्यक्रम में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं मैदानी अमले की सक्रिय उपस्थिति रही। वनमंडलाधिकारी नवीन गर्ग, उपवनमंडल अधिकारी उत्तम सिंह सस्ताया, प्रशिक्षु उपवनमंडल अधिकारी राजदीप चौरसिया तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी बिजेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में कैंप संचालित हुआ। उपवन क्षेत्रपाल के.के. चौहान एवं एम.एस. परते, वनपाल शिवप्रसाद परते सहित बीट गार्डों ने व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण में सहयोग किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी भौंरा बिजेंद्र तिवारी ने कहा कि अनुभूति कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति से जोडन्ना हमारी प्राथमिकता है। प्रत्यक्ष अनुभव से ही संरक्षण की समझ और जिम्मेदारी विकसित होती है। वनमंडलाधिकारी नवीन गर्ग ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की भावना बचपन से ही विकसित होनी चाहिए। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टि से वन एवं जैव-विविधता समझने का अवसर देते हैं और उन्हें भविष्य के लिए जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। कैंप के समापन पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।


### औषधि प्रीमियर लीग 4.0 क्रिकेट प्रतियोगिता 11 जनवरी को

**बैतूल।** दवा विक्रेता संस्था के सदस्यों के बीच आपसी खेल भावना और उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औषधि प्रीमियर लीग 4.0 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम ग्राउंड कोठीबाजार में किया जाएगा। जिसमें जिलेभर के दवा विक्रेता संस्था से जुड़े सदस्य ही भाग लेंगे। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर आयोजित होगी। जिला औषधि विक्रेता संघ के सचिव सुनील सलूजा ने बताया कि पहला मैच सुबह 9 बजे बैतूल ए और बैतूल बी के बीच खेला जाएगा। सुबह 10 बजे आमला केमिस्ट इलेवन का मुकाबला मुलतापी इलेवन से होगा। तीसरा मैच सुबह 11 बजे सतपुड़ा केमिस्ट इलेवन और चिचोली केमिस्ट इलेवन के बीच होगा, जबकि चौथा मैच दोपहर 12 बजे भैंसदेही संघ और मां अंबा केमिस्ट आठनेर के बीच खेला जाएगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे पहला सेमीफाइनल, 2 बजे दूसरा सेमीफाइनल और 3 बजे फाइनल मुकाबला होगा। सभी मैच 8-8 ओवर के होंगे और प्रत्येक मैच की समय-सीमा 40 मिनट तय की गई है।

### कल बैतूल से होगी विश्व सहायता दिवस की शुरुआत

## प्रदेश के लगभग 20 जिलों में एक साथ मनाया जाएगा हेल्प-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल





आगामी 11 जनवरी को नव वर्ष के नए उत्साह और नए संकल्प के साथ विश्व सहायता दिवस मनाने की पहल हमारे देश भारत से की जा रही है। इसका उद्देश्य विश्वभर में जरूरतमंद, असहाय और संकटग्रस्त लोगों तक सहायता पहुंचाने की भावना को सशक्त बनाना है।

इस दिवस का शुभारंभ भारत से करते हुए इसे वैश्विक स्तर पर मनाने का आह्वान किया जाएगा। विश्व सहायता दिवस के आइडिया प्रमोटर रविंद्र राठौर ने बताया कि बैतूल में 11 जनवरी को सुबह 10 बजे अंबेडकर चौक पर विश्व सहायता दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व सहायता दिवस की इस अनूठी पहल की शुरुआत बैतूल से की जा रही है, जिसे एक साथ प्रदेश के लगभग 20 जिलों में मनाया जाएगा। इस संबंध में श्री राठौर ने बताया कि विश्व में अनेक दिवस मनाए जाते हैं, लेकिन सहायता और सेवा को समर्पित कोई विशेष दिवस नहीं है, इसी सोच के तहत बैतूल से विश्व सहायता दिवस मनाने की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस दिन आमजन को भी सेवा से जुडन्ने का अवसर मिलेगा और जो भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की सहायता करना चाहता है, वह सुबह निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सेवा कार्य में सहभागी बन सकता है।इस सेवा कार्य में मुस्कान फाउंडेशन के डायरेक्टर धीरज हिराणी एवं राजेश गोहर का विशेष सहयोग रहेगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह सर्वविदित है कि जब-जब विश्व में प्राकृतिक आपदाएं, मानवीय संकट या वैश्विक चुनौतियां सामने आई हैं, तब-तब भारत ने मानवता के पक्ष में खड़े होकर प्रभावित देशों की हरसंभव सहायता की है। चाहे भूकंप, बाढ़, महामारी या युद्ध जैसे हालात रहे हों, भारत ने अपनी पारंपरिक सेवा, सहयोग और करुणा की भावना का परिचय दिया है। इन्हीं मानवीय मूल्यों, सेवा-भाव और वसुधैव कुटुंबकम की महान भारतीय विचारधारा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर और मजबूत करने के उद्देश्य से विश्व सहायता दिवस को एक नए वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

### 12 से बगडोना टंकी की होगी सफाई

## वार्ड 6 की टंकी की सफाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगरपालिका सारनी क्षेत्र में जलावर्धन योजना के तहत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओवरहेड टंकियों की सफाई का कार्य अनुबंधित कंपनी लक्ष्मी सिविल इंजीरियरिंग प्रा.लि. द्वारा शुरू कर दिया गया है। इसके तहत वार्ड 6 की ओवरहेड टंकी की सफाई की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि पेयजल टंकियों की रूटीन में प्रति तीन माह में सफाई होती है। शासन के निर्देशानुसार टंकियों की सफाई के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया। इसके तहत अनुबंधित कंपनी लक्ष्मी सिविल इंजीरियरिंग प्रा.लि. द्वारा ओवरहेड टैंक 2 वार्ड क्र. 6 सारनी की सफाई तय शेड्यूल अनुसार 9 एवं 10 जनवरी को की जा रही है। पहले दिन टंकी को खाली कराकर कचरा साफ किया गया। अनुबंधित कंपनी द्वारा ओवरहेड टैंक 6 बगडोना की सफाई 12 एवं 13 जनवरी को होगी। इससे सप्लाई वाले याडों में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट सतपुड़ा डेम की सफाई 27 एवं 28 जनवरी को होगी। इससे पूरे नगर में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। निकाय क्षेत्र में जलावर्धन योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन अथवा वाल्व चौंबरों में लीकेज आदि की सूचना देने के लिए अनुबंधित कंपनी लक्ष्मी सिविल इंजीरियरिंग प्रा.लि. द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। उक्त हेल्पलाइन नंबर को सार्वजनिक स्थानों एवं बस स्टाप आदि पर प्रदर्शित किया गया है।



## केबल वायर चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** शहर में हुई केबल वायर चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी किया गया वायर और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घटना 6 जनवरी को सामने आई थी। गेहूंरास निवासी राममोहन मालवीय के घर के सामने से काले रंग का बिजली का केबल वायर चोरी हो गया। चोरी किए गए वायर की कीमत लगभग 40 हजार रुपए बताई गई है। जांच के दौरान पुलिस ने सलैया निवासी 24 वर्षीय दीपक मालवीय को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया हुआ वायर, बिना नंबर की बजाज पल्सर बाइक और पीली रस्सी बरामद की। जांच अधिकारी नरेंद्र उइके ने बताया कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड देखा जा रहा है। संभावना है कि वह इसी तरह की अन्य वारदातों में भी शामिल रहा हो। उससे आगे की पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नीरज पाल, उपनिरीक्षक नरेंद्र उइके, सहायक उपनिरीक्षक अजय अजनेरिया, प्रधान आरक्षक दीवान और आरक्षक अनिल बेलवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

# निलय डागा के निवास पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष सिंगार

### ट्रम्प के बयान पर बोले- प्रधानमंत्री को डर क्यों लगता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



भोपाल से सिवनी जाते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार बैतूल में कुछ देर के लिए रुके। इस दौरान बैतूल जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा के निवास पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय पत्रकार उनसे मिलने पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष ने इस अवसर पर प्रदेश की राजनीति और जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी।

उमंग सिंगार ने प्रदेश में दूषित जल आपूर्ति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह समस्या केवल इंदौर तक सीमित नहीं है, पूरे मध्यप्रदेश में हालात चिंताजनक हैं। गांव से लेकर शहरों और मजरे-टोलों तक लोग मजबूरी में दूषित पानी पीने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन सरकार इस बुनियादी जिम्मेदारी को निभाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने जल जीवन मिशन को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इस योजना में करीब 40 प्रतिशत तक भ्रष्टाचार हुआ है। कांग्रेस ने इस मुद्दे को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाया, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने किसी भी तरह की ठोस कार्रवाई नहीं की। सिंगार ने कहा कि सरकार की चुप्पी यह साफ दर्शाती है कि वह भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है। मनरेगा योजना के नाम बदलने को लेकर भी उमंग सिंगार ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि केवल नाम बदलने से गरीबों और मजदूरों की स्थिति नहीं सुधरेगी। यदि सरकार वास्तव में विकास चाहती है तो पंचायतों को सीधे करोड़ों रुपये उपलब्ध कराए, ताकि जमीनी स्तर पर काम हो सके और ग्रामीणों को रोजगार मिल सके।

### अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी दिया बयान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने की बात कही, लेकिन प्रधानमंत्री उनके सामने तेज आवाज में बोलने से डरते नजर आते हैं। सिंगार ने कहा कि यदि केंद्र सरकार में हिम्मत है तो खुलकर विरोध करके दिखाएं। बैतूल प्रवास के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उमंग सिंगार से मुलाकात की और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। डागा हाउस में प्रदेश कांग्रेस सचिव समीर खान, पूर्व विधायक पी.आर.बोड़खे, धरमूसिंह सिरसाम, पंचायती राज के राष्ट्रीय संयोजक ब्रजभूषण पांडे, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष नारायण राव धोटे, युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष लवलेश बब्बा राठौर, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पा पेंद्राम, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदि रहे मौजूद।

**CHANGE OF NAME**

I, **POORNIMA** is legal unmarried daughter of No. 14924525P, Rank- NK, Name- **RAMESH KUMAR CHOURE** residing at Vill.- Badora, Teh.- Betul, 460001 have changed my name from **POORNIMA** to **POORNIMA CHOURE**, DOB- 07-09-2006 (Seven September Two Thousand Six) vide Affidavit (for change of name) dated. before 1st Class Magistrate & Affidavit dated 9/1/2026 before Notary Betul, Distt-Betul (MP)

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, **SUNITA** is legal unmarried daughter of No. 6284597, Rank- EX HAV HAWA SINGH residing at Brahmakumaaris Divya Darshan Bhawan, Shastri Ward Sadar, Betul, (MP)- 460001 have changed my self name & date of birth from **SUNITA, DOB- 07-11-1973** to **SUNITA KUMARI, DOB-17-11-1973** (Seventeen November Nineteen Seventy Three) vide Affidavit before 1st Class Magistrate for change of name & Affidavit before Notary Betul for change of DOB dated 8/1/2026 Distt.- Betul (MP)

## स्कूल सोहागपुर के बच्चों ने जीते पुरस्कार




**सोहागपुर।** गत दिनों वृंदावन में हुए कृष्ण रंग महोत्सव में सेंट पैट्रिक स्कूल सोहागपुर के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। स्कूल के बच्चों ने गीत व संगीत की प्रस्तुति देकर संगीत गायन व वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसमें देव कुमरे ने कीबोर्ड वादन में प्रथम, मोहनीश साहू ने गायन में प्रथम, अश्विन ने तबला वादन में प्रथम व लक्ष्य ने की-बोर्ड वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं।

## आचार्य श्री नवरत्न सागर की पुण्यतिथि पर आयोजित की धर्म सभा

**बागली।** समाजसेवी जयंतीलाल नाहर ने आचार्य श्री नवरत्न सागर की दसवीं पुण्यतिथि पर आयोजित धर्म सभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे प्रेरणा स्त्रोत आचार्य श्री नवरत्न सागर महाराज साहब तप, संयम साधना के पथ के महान साधक थे। इस अवसर पर बागली के दिवंगत वरिष्ठ समाजसेवी हेमराज नाहर एवं गुलाबबाई नाहर की पुण्यतिथि भी उनकी स्मृति के साथ मनाई।

### विधायक डॉ शर्मा के प्रयासों से इटारसी मंडी को ग्रेडिंग मशीन की मिली सौगात

# सुविधा: मंडी में 1.5 करोड़ से लगेंगी अनाज ग्रेडिंग मशीनें, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

कृषि उपज मंडी समिति इटारसी में आने वाले किसानों को अनाज ग्रेडिंग मशीन का लाभ जल्द ही मिलने लगेगा। मंडी बोर्ड ने डेढ़ करोड़ की लागत के इस प्रोजेक्ट को मंजूर कर दियाहै।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की पहल पर कृषि उपज मंडी में किसानों की बरसों पुरानी समस्या का समाधान होने जा रहा है। सालों से कबाड़ बनी पुरानी अनाज ग्रेडिंग मशीन को अब हटाया जाएगा और उसके स्थान पर 1.5 करोड़ रुपये की लागत से दो नई हाई-टेक मशीनें लगाई जाएंगी। मंडी बोर्ड ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। इस अवसर पर सहायक यंत्री रेखा साहू, प्रोजेक्ट सेल चक्रेश भूषण शर्मा और निर्माण शाखा प्रभारी राजेश इंगले सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

शुक्रवार को भोपाल मुख्यालय से आए अधीक्षण यंत्री भारत भूषण चौधरी और तकनीकी टीम ने मंडी परिसर का निरीक्षण किया। टीम ने नए प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए उपलब्ध भूमि की नाप-तौल की। जल्द ही भोपाल कार्यालय से अंतिम स्थान का चयन कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। मंडी में नवीन सड़कों, शेड और नाली निर्माण के बाद अब ग्रेडिंग मशीन का लगना किसानों के लिए बड़ी सौगात है। इससे पीक सीजन में अनाज की प्रोसेसिंग तेजी से होगी और मंडी में लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिलेगी।



### प्रोजेक्ट का तकनीकी और आर्थिक पक्ष

**लागत: प्लेटफॉर्म निर्माण पर 49.38 लाख रुपए और मशीनों पर लगभग 1 करोड़ रुपए खर्च होंगे।**

**क्षमता: मंडी में 5 टन और 10 टन प्रति घंटा क्षमता वाली दो मशीनें लगेंगी।**

**फायदा: ग्रेडिंग होने से किसानों को उनकी उपज का 200 से 500 रुपए प्रति क्विंटल तक अधिक दाम मिल सकेगा।**

### इनका कहना है...

किसानों की सुविधा के लिये मंडी में बंद और ख़राब पड़ी अनाज ग्रेडिंग मशीन का डिसमेंटल कराया जा कर नवीन ग्रेडिंग मशीन लगाया जाना हैं। मुख्यालय से अधिकारियों ने निरीक्षण कर स्थल चयन किया हैं। जल्द ही विधायक जी की मंशा के अनुरूप मंडी में आने वाले किसानों को नवीन अनाज ग्रेडिंग मशीन का लाभ मिलेगा। **-प्रशांत पांडे, सचिव कृषि उपज मंडी**

किसानों की सुविधाओं के लिये विधायक डॉ सीतासरन शर्मा द्वारा लगातार कृषि उपज मंडी में नवीन सड़क मार्ग, नाली निर्माण, पार्कजीर्णोद्धार, नवीन शेड निर्माण आदि विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इसी कडी में अब जल्द नई अनाज ग्रेडिंग मशीन की सुविधा भी विधायक डा शर्मा की मंशा के अनुरूप इटारसी मंडी आने वाले किसानों को जल्द मिलेगी। **-देवेंद्र पटेल, विधायक प्रतिनिधि**

## ईको सेंसिटिव जोन, विस्थापन नीतियों पर आदिवासी हुए एकजुट और लामबंद

**आदिवासी मजदूर संघ ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के समीप वन्यजीव संरक्षण के लिये ईको सेंसिटिव जोन लागू करने व गांवों के विस्थापन को लेकर आदिवासी विरोध में हैं। समस्या को लेकर सोमनाथ किसान आदिवासी मजदूर संगठन ने गुरुवार को राष्ट्रपति के नाम दो अलग-अलग मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपे हैं।

संगठन ने एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम दिये गए ज्ञापन में मांग की है कि आदिवासी तथा अन्य गांवों को ईको सेंसिटिव जोन से बाहर रखने तथा विस्थापन की नीतियों को निरस्त करें। ज्ञापन में उल्लेख है कि जंगल क्षेत्र में प्रस्तावित ईको सेंसिटिव जोन अंतर्गत आदिवासी गांवों का विस्थापन करने दबाव बनाया जा रहा है। आदिवासी इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे। संगठन का कहना है कि आदिवासियों की सहमति के बिना वन विभाग द्वारा लोगों को हटाने का प्रयास करना अन्यायपूर्ण है। साथ ही आवेदन में उल्लेख है कि पिछले 40 वर्षों से आदिवासी किसान पट्टे की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें पट्टे नहीं दिए गए हैं। बल्कि वन विभाग द्वारा आदिवासियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दिए गए हैं।

### जमीन के बदले जमीन की मांग

ज्ञापन में विस्थापित किए गए आदिवासी गांवों का मुद्दा उठाया है। संगठन का आरोप है कि विस्थापन दौरान भूमिहीनों को यूनिट के तहत राशि दी गई। लेकिन जिन किसानों की 10 से 60 एकड़ तक भूमि अधिग्रहित की गई, उन्हें न तो मुआवजा मिला और ना ही जमीन के बदले जमीन दी गई। संगठन ने मांग की है कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार या तो उचित मुआवजा दिया जाए या जमीन दी जाए।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया सेमरी हरचंद एवं माखन नगर का दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने सेमरी हरचंद में डीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल के सौजन्य से स्व हरिसिंह पटेल एवं स्वर्गीय राजकिशोर पटेल की पुण्य स्मृति में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में भाग लिया।

इसके बाद पांडेय ने माखन नगर पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलदीप मिश्रा के निवास स्थान पर सुबोध दुबे, लीलाधर यादव सहित अन्य कांग्रेसजनो से मुलाकात की। इसी क्रम में राजू खंडेलवाल के प्रतिष्ठान पर पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमृत बिंदु डेरिया, अरुण तिवारी, रमेश तिवारी, सुशील मोदी, वीरेंद्र अग्रवाल, माखन नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमंत यादव, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, वरिष्ठ कांग्रेसजनों के बीच बुथ कमेटी, पंचायत कमेटी का गठन एवं संगठन कि मजबूती को लेकर चर्चा हुई।

## इंदौर घटनाक्रम के बाद सतर्क नगर परिषद ने कराई पेयजल टंकियों की सफाई, जल फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों के बाद मप्र में अलर्ट की स्थिति है। शासकीय निकायों द्वारा पेयजल स्त्रोतों की निगरानी की जा रही है। साथ ही पेयजल परिवहन वितरण के लिए बिछाई गई पाइपलाइन का भी मुआयना किया जा रहा है।

मामले में गत दिवस नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा व उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने सोहागपुर शहर में स्थित नर्मदा जल वितरण के फिल्टर प्लांट का निरीक्षण एवं अवलोकन किया है।

इस दौरान सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि फिल्टर प्लांट से पानी के फिल्टर होने के बाद भी नर्मदा जल की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। तथा आवश्यकतानुसार जल को पीने योग्य बनाने के लिए दवाएं डाली जाएं। बताया जाता है कि मौके पर नौ लाख लीटर भराव क्षमता की टंकी बनाई गई है। इस टंकी का भी निरीक्षण सीएमओ व उपयंत्री ने किया है।



### साफ कराई पानी की टंकियां

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि नगर परिषद द्वारा निकाय की टंकियां की साफ सफाई अंदर से की जा रही है। ताकि जन स्वास्थ्य के लिये स्वच्छ जल प्रदाय किया जाए। शर्मा के अनुसार नगर स्थित पानी की सभी टंकियों की सफाई अंदर से की गई है। शहरी क्षेत्र में स्थित निकाय की सभी टंकियों की सफाई का काम नप द्वारा लगातार कराया जा रहा है।

साथ ही नप की व नर्मदा जल परिवहन योजना की भूमिगत पाइपलाइन की सीएमओ शर्मा व उपयंत्री खानोरकर ने जांच की है। ताकि नाली के आसपास यदि पाइपलाइन है तो लाइन को सुरक्षित कर आवश्यकता अनुसार पक्की नालियां निर्मित की जाएं।

## मुझको पहली बार खराब सड़क से बिछुआ आना पड़ा था, भाजपा सरकार में पक्की सड़क बनवाई: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मुझे पहली बार खराब सड़क से बिछुआ ग्राम तक बाइक से आना पड़ा था। लेकिन भाजपा सरकार बनी, तो हमने पक्की सड़क बनवाई। अब आप और हम सभी तत्काल आना-जाना कर लेते हैं। उक्त बात सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने शुक्रवार को ग्राम बिछुआ में ग्रापं भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में कही।

सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि ग्राम बिछुआ में 37 लाख रु की लागत से ग्राम पंचायत भवन का निर्माण होना है जिसका विधायक ने भूमिपूजन किया है। विधायक ने छेड़का, कूकरा, सियारखेड़ा एवं सेहरा में जनता से संपर्क कर आत्मीय संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को सुना। जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि दीपक रघुवंशी ने ग्रामीणों के साथ क्षेत्र की गंभीर पेयजल समस्या को विधायक के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने नल-जल योजना के तहत पर्याप्त पानी नहीं मिलने की समस्या से अवगत कराया। विधायक विजयपाल सिंह ने अधिकारियों को तत्काल ग्रामीणों की समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक साविता दीवान शर्मा, सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, नप उपाध्यक्ष आकाश पटेल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल सहित पार्टी कार्यकर्ता, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 15 दिन में हो समाधान

विधायक विजयपाल सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कहा कि नल-जल योजना से जुड़ी पानी की समस्या का 15 दिवस के भीतर निराकरण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

### आपको बनाया हथियार

विधायक सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने आपको 60 साल तक कुछ नहीं दिया। सिर्फ आपके वोट लिये और हमेशा आपको हाथियार की तरह इस्तेमाल किया। विधायक ने कहा युवा पीढ़ी पढ़ाई लिखाई करे, क्योंकि भाजपा सरकार हर तरह से मदद करेगी। ग्रामीणों से नशा ना करने की अपील की तथा कहा कि नशा परिवारों को एवं बच्चों के भविष्य को सपनों को खत्म करता है।

## निबंध प्रतियोगिता में गूंजा देशभक्ति का स्वर, 738 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, आदर्श चौरे प्रथम आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर विद्या भारती पूर्वछात्र परिषद, इटारसी द्वारा एक नगर-स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस गौरवशाली अभियान में नगर के 35 विद्यालयों के 738 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी वैचारिक लेखनी का प्रदर्शन किया।

### विजेताओं की घोषणा और सम्मान

नगर स्तर पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट रचनाओं का चयन किया गया जिसमें प्रथम स्थान: आदर्श चौरे एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल, द्वितीय स्थान दिव्या चौरसिया प्रज्ञान स्कूल एवं आजाद यादव शासकीय सांदीपनि विद्यालय, तृतीय स्थान निखत खान जीनियस प्लानेट और हरलीन कौर सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल रहे। ग्रीन पॉइंट स्कूल की अपोंगला जामिर, कुसुम मालपानी स्कूल की खुशी कुमारी, महावीर जैन स्कूल की वैशाली राजपूत और शासकीय विद्यालय की खुशी बौरासी को उनके विशेष लेखन के लिए पुरस्कृत किया गया।




पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. मनीष वर्मा संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग और विशिष्ट अतिथि सीए पंकज अग्रवाल उपस्थित रहे। डॉ. वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रप्रेम की भावना से जुड़ती है।

## किसानों के साथ संवाद कर किसान कांग्रेस की यात्रा पहुंची सोनासावरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

किसान जनजागरण यात्रा के प्रथम चरण का नर्मदापुरम जिला किसान कांग्रेस द्वारा पांचवां दिन में यात्रा का प्रारंभ हुआ। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने बताया कि यात्रा के पांचवें दिन में पालनपुर में किसानों से संवाद कर शुरुआत की गई जहां स्थानीय व किसानी समस्याओं पर चर्चा हुई और ग्राम सोनासवरी पहुंचकर विश्राम हुआ।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय, किसान कांग्रेस राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप पटेल, युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष आनंद पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, ओम सेन, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर, सहित अन्य की उपस्थिति रही।



पांचवें दिन की किसान जनजागरण यात्रा पालनपुर, तालनगरी, बरंडुआ, रंढाल, हासलपुर, परादेह, बड़ोदिया पलासडोह, रोहना, देशमोहिनी, ऊंद्राखेडी, बम्हनगांव पहुंची, आगे ग्राम मोथिया, सोनासावरी रात्रि 9 बजे पहुंचकर यात्रा का पांचवें दिन का विश्राम होगा।

## छीतापुरा में कोयापूनेम गोंडी गाथा का शंखनाद कलश यात्रा के साथ धार्मिक आयोजन हुए प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आदिवासी ब्लॉक केसला के ग्राम छीतापुरा में आदिवासी संस्कृति और रीति-रिवाजों के संरक्षण हेतु सात दिवसीय कोयापूनेम धर्म दर्शन गोंडी गाथा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार को कलश यात्रा निकाली और बड़ादेव फडापेन की स्थापना की गई।

### सांस्कृतिक जड़ों को बचाने की मुहिम

इस आयोजन में सिवनी जिले के प्रसिद्ध राष्ट्रीय पूनेमचार्य शंकर शाह इरपाचे मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज को अपनी मूल संस्कृति, वेशभूषा और देव-व्यवस्था से जोडन्ना है। समाजसेवी विनोद वारिवा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में समाज के लोग अपनी जड़ों और देवी-देवताओं को भूलकर धर्म परिवर्तन की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे रोकने के लिए समाज को एकजुट करना आवश्यक है।



### 7 दिनों का विस्तृत कार्यक्रम

**9 जनवरी:** जीव-जगत की उत्पत्ति। **10 जनवरी:** पहांदी पारी कुपारी लिंगों गाथा। **11 जनवरी:** कली कंकाली दाई जन्म उत्सव। **12 जनवरी:** तैंतीस कोटि बच्चों की गाथा। **13 जनवरी:** गोत्र व्यवस्था एवं देव बंटवारा। **14 जनवरी:** ग्राम देवी-देवता गाथा एवं धूपपारा (समापन)। इस धार्मिक आयोजन में नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## एसआईआर अभियान की भाजपा के मंडल अध्यक्षों ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शुक्रवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने इटारसी के वार्ड क्रमांक 17, बूथ क्रमांक 202 पर पहुंचकर बीएलओ एवं बीएलए 2 के साथ समीक्षा की। अध्यक्ष श्री चौरे द्वारा मतदाताओं से अपील की गई कि वे इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर पर महामंत्री शैलेंद्र दुबे, पवन उसरेटे, बूथ अध्यक्ष राहुल बाथरी, बीएलओ अनिल चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मतदाता जुड़वान के दिए निर्देश

भाजपा मंडल पुरानी ने मेहरागांव पंचायत के 12 बूथों के बीएलए 2 की एसआईआर से संबंधित महाअभियान को लेकर एक समीक्षा बैठक मंडल उपाध्यक्ष रीना डोंगरे डोईफोड़े के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक में सभी को अपने-अपने बूथों पर अधिक से अधिक नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने एवं नोमपिंग/संशोधन वाले मतदाताओं के आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा कराने हेतु बीएलओ 1 के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में भारतीय जनता पार्टी पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो,वरिष्ठ नेता विधायक प्रतिनिधि जयप्रकाश सचान, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अयोध्या में भव्य श्रीरामलला मंदिर की चौथी वर्षगांठ पर कार्यक्रम

## श्रीराम के नाम 22 को निकलेगी प्रभात फेरी, गूंजेगा रामनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 22 जनवरी 2026 को शहर में एक प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर दादा दरबारधाम प्राचीन हनुमान मंदिर भगतसिंह नगर में श्रीराम प्रभात फेरी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई।

### ब्रह्म मुहूर्त में होगा शुभारंभ

मंडल के प्रमुख सदस्य इंदर मेहरा ने बताया कि यह प्रभात फेरी सुबह 4:30 बजे दादा दरबार धाम से प्रारंभ होगी। यात्रा बजरंगपुरा, गांधीनगर, चामुंडा चौराहा होते हुए श्री द्वारिकाधीश मंदिर पहुंचेगी। यहां पूजा-अर्चना के बाद पोर्टर खोली हनुमान धाम और राज टॉकीज मार्ग से होते हुए पुनः दादा दरबार धाम पर संपन्न होगी।



### भजन मंडल और हजारों भक्त होंगे शामिल

इस धार्मिक आयोजन में इटारसी शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों राम भक्त शामिल होंगे।

पूरी यात्रा के दौरान भजन मंडलियां प्रभु के भजनों की प्रस्तुति देंगी। समापन पर महाआरती, हनुमान चालीसा का पाठ, श्री राम स्तुति और विशाल प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

बैठक में दादा दरबार धाम के पुजारी दुर्गादास, गरीबदास चौरे, मुन्ना पाल, इंदर सिंह मेहरा, राजेश राठौर और अन्य सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

बैठक में आकाश अमरोही, रामस्वरूप मालवीय, राजेंद्र सिंह सेंगर, डीके मेहरा, गुड्डू सराठे, तानसिंह सैनी, दीपक नागरे, बंटी ठाकुर और गिरीश पटेल सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## कलेक्टर का डर दिखाकर कर दी गई बीच सड़क पर अवैध बोरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के पॉश इलाके मारुति नगर में दबंगई और नियमों को ताक पर रखने का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ एक रेलवे कर्मचारी द्वारा सरकारी जमीन और सार्वजनिक रास्ते के बीचों-बीच अवैध बोरिंग कराई जा रही है, जिससे मोहल्लेवासियों का जीना मुहाल हो गया है। हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका और प्रशासन को लिखित शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

मारुति नगर निवासी श्रीमती प्रीति खरे ने बताया कि उनके घर के ठीक सामने, हुंडई शोरूम के पास, रेलवे कर्मचारी अभिषेक शर्मा (विजय शर्मा के पुत्र) द्वारा सड़क के बीचों-बीच बोरिंग मशीन उतार दी गई है। यह स्थान पूरी तरह शासकीय है और आवाजाही का मुख्य मार्ग है। बोरिंग के कारण वाहनों का निकलना बंद हो गया है। वहीं सुबह स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को जान जोखिम में डालकर मलबे और मशीनों के बीच से गुजरना पड़ रहा है। सड़क के नीचे से नगर पालिका की मुख्य पेयजल पाइपलाइन गुजरी है, जिसे इस अवैध खुदाई से भारी क्षति पहुचने की आशंका है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस बोरिंग के लिए न तो नगर पालिका से अनुमति ली गई है और न ही एसडीएम कार्यालय से कोई एनओसी प्राप्त की गई है।



## खबर संक्षेप

### उंद्राकच्छ नहर में मिला व्यक्ति का शव

**रहटगांव।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर सौताड़ा गांव के पास उन्द्राकच्छ नहर में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए टिमरनी भिजवाया। रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि उन्द्राकच्छ और सौताड़ा के बीच बड़ी नहर में शव मिलने की जानकारी मिली थी। मृतक की पहचान अमरसिंह पिता सुमेरसिंह उइके (52) निवासी ग्राम कासखेड़ी, थाना सिवनी मालवा के रूप में हुई है। अमरसिंह 3 दिसंबर से लापता थे और नहर विभाग में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथमदृष्टया बुजुर्ग की मौत डूबने से हुई प्रतीत हो रही है।

### कल दोपहर 1 बजे से विद्युत प्रदाय बंद रहेगा

**हरदा।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी द्वारा 132 के.व्ही. उपकेन्द्र हरदा में 33 के.व्ही. हाफ मेन बसबार पर अति आवश्यक सुधार व संधारण कार्य होने के कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले 33 के.व्ही फीडर तथा इन से संबंधित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों में 11 जनवरी को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक विद्युत प्रदाय अवरूद्ध रहेगा। महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया कि इस दौरान 33 के.व्ही फीडर सोनतलाई व इससे संबंधित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रेलवा व सोनतलाई, 33 के.व्ही. फीडर कांकरिया व इससे संबंधित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कांकरिया, 33 के.व्ही. उपकेन्द्र अबगांवखुर्द व इससे संबंधित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अबगांवखुर्द, आदमपुर व पोखरनी, 33 के.व्ही. फीडर करताना व इससे संबंधित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र करताना, तजपुरा व नयागांव, 33 के.व्ही. फीडर टिमरनी व इससे संबंधित उपकेन्द्र टिमरनी, उन्द्राकच्छ व चारखेड़ा तथा 33 के.व्ही. फीडर रहटगांव व इससे संबंधित उपकेन्द्र रहटगांव, झाड़बिड़ा व टेमागांव में 11 जनवरी को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक विद्युत प्रदाय अवरूद्ध रहेगा।

### गेहूं फसल में कीटव्याधी से बचाव के लिए सलाह

**सीहोर।** वर्तमान में बदलते मौसम को दृष्टिगत रखते हुए किसानों को कृषि विभाग की सलाह है कि गेहूं की फसल में जड़ माहू कीटव्याधी की समस्या देखनों को मिल रही है। इसको दृष्टिगत रखते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामों का भ्रमण कर गेहूं की फसलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को गेहूं की फसल में जड़ माहू कीट की समस्या दिखाई दे रही है। कृषि विभाग ने बताया कि कीटव्याधी की समस्या सामने आई है कीटव्याधी से गेहूं की फसल में पीलापन जिसके कारण पत्तियां ऊपर से नीचे की ओर सूखने लगती है एवं पौधा सूख जाता है। अपनी प्रारंभिक अवस्था में यह कीट छोटे-छोटे पेच में दिखाई देता है, जो कुछ ही दिनों में पूरे खेत में फैल जाता है। जड़ माहू कीट हल्के पीले एवं काले रंग का होता है, जिसका जीवन चक्र 7 से 10 दिन का होता है। इस कीट से बचाव के लिए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि वह अपने खेत की सतत निगरानी करते रहे एवं कीट की समस्या पाये जाने पर एसिटामिप्रिड 20 प्रतिशत SP, 60 ग्राम प्रति एकड़ या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत SL की 50 एमएल मात्रा प्रति एकड़ या थायोमेथाक्साम 25 प्रतिशत WG की 50 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ के साथ एनपीके 19.19.19 एक किलोग्राम प्रति एकड़ का 150-200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव कराएं।

### नगर में निकाला गया हनुमान जी का झंडा

**सीहोर।** हनुमान जी का झंडा प्रभात फेरी का वार्षिक कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसका इतिहास यह है कि आज से 40 वर्ष पूर्व मेरे पिता स्वर्गीय हरि नारायण सोनी (हरु दादा )द्वारा जो कस्बा बजरिया में निवास करते थे झंडे का प्रारंभ किया गया था। कस्बे के लोगों के साथ मारुति नव योग संगठन की स्थापना की गई थी जो संस्था के संस्थापक है तब से लेकर अभी तक बिगड़ 40 वर्षों से प्रति मंगलवार को कस्बे के श्री राम मंदिर से प्रभात तेरी प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर जाती है।

---

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

# सभी स्कूलों में टॉयलेट व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होः सारंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने स्कूलों में टॉयलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। खास तौर पर बालिकाओं के लिये हर स्कूल में साफ सुथरे टॉयलेट की व्यवस्था उपलब्ध हो। स्कूलों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से हो। शुक्रवार को आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में उन्होने कहा कि जिले में अनाज उपार्जन एवं खाद की उपलब्धता में किसानों को कोई अड़चन न आये। खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन को रोकने के लिये संयुक्त दल गठित कर अभियान चलाया जाए। सारंग ने कहा कि जिले में निर्मित हो रही सड़कों के निर्माण में अतिक्रमण आड़े न आये ऐसे अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाए। साथ ही सहकारिता एवं पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप के तहत भी जिले में जैविक खेती के विकास का कार्य हो। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

#### समिति के निर्णयों का अक्षरशः पालन हो

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला विकास सलाहकार समिति के गठन के पीछे शासन की मंशा विकास एवं कल्याण की योजनाओं में सेचुरेशन लाना, प्रशासकीय व्यवस्था का सुचारू संचालन के साथ-साथ विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। समिति का उद्देश्य है कि सरकार की योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों को लाभ मिले। साथ ही समिति के निर्णयों का अक्षरशः पालन हो। बैठक में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा कहा गया कि जिले में स्वीकृत सड़कों के शेष निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। वनक्षेत्रों में निर्माणाधीन सड़कें भी समय सीमा में पूर्ण हो। उन्होने कहा कि जिला अस्पताल के नवीन भवन प्रारम्भ होने के पूर्व वहां आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाएं सुचारू रूप से संचालित हों। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत में देरी न हो।

#### पात्र हितग्राहियों के आर्थिक सहायता के मामले लंबित न रहें

बैठक में सारंग ने कहा कि संबल योजना में पात्र हितग्राहियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के मामले लंबित न रहें। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने हरदा जिले को शतप्रतिशत सिंचित बनाने के लिये किये गये कार्यों की प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होने हरदा लिफ्ट इरिगेशन परियोजना का नाम शहीद दीप सिंह चौहान रखने का बैठक में प्रस्ताव भी रखा, जिसको अनुमोदित किया गया। राजेश वर्मा द्वारा जिले में वाटर ऑडिट करवाने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर प्रभारी मंत्री द्वारा उचित कार्यवाही के निर्देश दिये गये। पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये गये कि दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान में जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। नये मिल्क रूट विकसित किये जायें एवं अधिक से अधिक दुग्ध समितियों का गठन हो। किसानों को ज्यादा से ज्यादा गौवंश के पालन के लिये प्रोत्साहित किया जाए। विद्युत विभाग के अधिकारी को विद्युत की सुचारू आपूर्ति के लिये निर्देशित किया गया। यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित करने, रोड़ एक्सिडेन्ट रोकने तथा दुपहिया वाहन चालकों हेल्मेट लगाने के लिये जागरूक करने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में उन्होने जिले में निर्मित हो रही सड़कों पर निर्माण एजेन्सी एवं ठेकेदार का नाम अंकित कराने के निर्देश दिये। साथ ही स्वीकृत राशि एवं परफार्मेन्स गारन्टी का समय भी इन सड़कों पर अंकित किया जाए। इस दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा जिले में जैविक खेती के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की बिन्दूवार जानकारी दी गई। इसके अलावा विभाग प्रमुखों द्वारा दो वर्ष में जिले में हुए विकास एवं उपलब्धियों से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया गया।

---

# भाजपा शासन में ग्रामीण गरीबी 25 से घटकर 4% तक रह गई

### विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी ग्रामीण योजना की दी जानकारी




**हरदा।** जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हर योजना को संतृप्ति (सैचुरेशन) स्तर तक पहुंचाने का काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण गरीबी 25 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत रह गई है। इस दौरान भाजपा के सम्मेलन में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए मतदान केंद्र की पूरी टीम के साथ मिलकर काम करें और मतदाता सूची अद्यतन कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर दिया कि यह योजना ग्रामीण और किसानों की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

मंत्री सारंग ने ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने हेतु 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी (ग्रामीण) योजना की शुरुआत की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और कांग्रेस द्वारा इस योजना के दुष्प्रचार का प्रभावी ढंग से जवाब देने का आग्रह किया। वीबी-जीरामजी योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना, गरीब, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के कल्याण को सुनिश्चित करना है। यह योजना ग्रामीण और मजदूरों की आमदनी बढ़ाने तथा विकसित भारत के लिए उचित रोजगार प्रदान करने पर केंद्रित है।

#### वीबी-जीरामजी गांव के समग्र विकास पर आधारित

मंत्री ने वीबी-जीरामजी योजना की तुलना मनरेगा से करते हुए कई अंतर बताए। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार प्रदान करने पर केंद्रित थी, जबकि वीबी-जीरामजी गांव के समग्र विकास पर आधारित है। मनरेगा में 100 दिन की रोजगार गारंटी थी, जबकि वीबी-जीरामजी में 125 दिन की गारंटी है। सारंग ने बताया कि मनरेगा में समन्वय कम था, लेकिन वीबी-जीरामजी में डिजिटल मानचित्र के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। मनरेगा में सोशल ऑडिट का प्रावधान नहीं था, जबकि वीबी-जीरामजी में हर छह माह में सोशल ऑडिट होगा। शिकायत निवारण के लिए मनरेगा में कोई समय सीमा नहीं थी, जबकि वीबी-जीरामजी में निश्चित समयावधि के साथ डिजिटल निगरानी भी शामिल है। धोखाधड़ी नियंत्रण के लिए इसमें आईटी समाधान भी अपनाए गए हैं। प्रभारी मंत्री ने कांग्रेस पर गरीब हित के कार्यों में हमेशा माहौल बनाने और वीबी-जीरामजी योजना के संबंध में अनर्गल बातें करने का आरोप लगाया। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में हरदा की दोनों सीटें जीतकर सरकार बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया।

---

### कमल खेल महोत्सव में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

# खेल जीवन का महत्वपूर्ण आयाम है, इससे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलतीः सारंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के नेहरू स्टेडियम में आयोजित हो रहे कमल खेल महोत्सव में भी प्रभारी मंत्री ने भाग लिया। इस दौरान उन्होने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण आयाम है। इससे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। युवा खेल महोत्सव का आयोजन खेल प्रतिभाओं को तराशने का सराहनीय कार्य है। खेलों से युवाओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है एवं उन्हें अनुशासित एवं संयमित जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान उन्होने खेल प्रतिभाओं को पुरूस्कृत भी किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़यिा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व खिलाड़ी उपस्थित थे।

## कमल युवा खेल महोत्सव ने दी नई दिशा



जिला ओलम्पिक खेल संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय कमल युवा खेल महोत्सव 2025-26 ने जिले के खेल जगत में नई ऊर्जा, उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार किया। इस महोत्सव के अंतर्गत योग, मलखंभ, शतरंज, फुटबॉल, हैंडबॉल एवं एथलेटिक्स जैसी विविध खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला ओलम्पिक असोसिएशन के जिला अध्यक्ष संदीप पटेल, डिग्री कॉलेज प्राचार्य, जिला शतरंज एसोसिएशन के सचिव पी.सी. पोरते, हरदा ऑफ एजुकेशन स्कूल के संचालक जय गुर्जर, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल के संचालक दीपक सिंह राजपूत एवं अनीश खान द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मैदान पूजन कर किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बालिका वर्ग में प्रथमअनुष्का सोनी, द्वितीय इ्र इशिता राजपूत, बालक वर्ग (19 वर्ष) प्रथम में अनुराग सरलाम और द्वितीय ऋतुराज परते विजयी हुए हैं। बालक ओपन वर्ग में प्रथम चीनू कहार और द्वितीय सुमित सूर्यवंशी तथा मलखंभ प्रतियोगिता में 19 वर्ष वर्ग में प्रथम युवराज रायबोर, द्वितीय सुमित सूर्यवंशी और बालक ओपन वर्ग में प्रथम तरुण भलावी और द्वितीय ऋतुराज परते, फुटबॉल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम एन.यू.एफ.सी. क्लब हरदा, द्वितीय ताज स्पोर्ट्स फुटबॉल क्लब हरदा, ओपन बालिका वर्ग, प्रथम ताज स्पोर्ट्स फुटबॉल क्लब हरदा, द्वितीय एन.यू.एफ.सी. क्लब हरदा प्रथम रहे। कमल युवा खेल महोत्सव 2025-26 केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जिले के युवाओं की छिपी प्रतिभा को पहचानने और निखारने का सशक्त मंच बनकर उभरा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने हेतु मजबूत आधार प्रदान करना है। यह महोत्सव युवाओं को अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, जिससे प्रतिभागी अपनी प्रतिभा को नई ऊँचाइयों तक ले जाकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

### स्वदेशी मेले में पहुंचे सारंग

जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग हरदा के मिडिल स्कूल ग्राउण्ड में आयोजित स्वदेशी मेले में पहुँचे। इस दौरान मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्वदेशी को बढ़ावा देने के उद्देश्य स्वेदशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आव्हान किया है कि हमें लोकल व स्वेदशी पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम स्वदेशी उत्पादों और डिजिटल लेनदेन के प्रचार-प्रसार पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व में भी व्यापारियों और नागरिकों से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वदेशी अपनाने की अपील की है। कार्यक्रम में कमल पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

# महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, डीएसपी अरूणा सिंह सहित जिले की सुपरवाइजर व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान डाक निरीक्षक अमित कुमार व्यास ने जिले की पात्र बच्चियों के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु ह्यसुकन्या समृद्धि योजनाह्ल के तहत खाते खोलने पर विशेष बल दिया। उन्होंने विभाग से पात्र बच्चियों का पूर्ण डेटा उपलब्ध कराने का आग्रह किया। बैठक में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की ह्यग्रुप एक्सीडेंटल गार्डह्ल योजना की जानकारी भी साझा की गई। बैठक में बताया गया कि योजना के तहत 355 रूपये, 555 रूपये व 755 रूपये के वार्षिक प्रिमियम पर क्रमशः 5 लाख, 10 लाख व 15 लाख रूपये तक दुर्घटना बीमा कवर उपलब्ध है। योजना में दुर्घटना से मृत्यु, आंशिक अथवा पूर्ण दिव्यांगता के साथ-साथ डूबने, आग, गिरने, पशु के काटने एवं अन्य प्रकार की दुर्घटनाएं भी सम्मिलित है। साथ ही दुर्घटना से होने वाले उपचार एवं अन्य संबंधित व्ययों का लाभ भी प्रदान किया जाता है। योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिये अपने नजदीकी डाकघर अथवा डाक निरीक्षक हरदा अमित कुमार व्यास से सम्पर्क किया जा सकता है।

---

# ओवरब्रिज के ब्रिज के लेआउट में आ रही पानी सप्लाई लाइन का निरीक्षण किया, शिफ्ट होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



नगर में 56 करोड़ के रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर शहर में ग्राउंड लेवल पर काम हो गया है। शुक्रवार को नगर परिषद के इंजीनियर एवं कर्मचारियों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ ब्रिज के लेआउट में आ रही नगर परिषद की वाटर पाइप सप्लाई लाइन का निरीक्षण किया गया। बताया गया कि ओवर ब्रिज के निर्माण में कुछ स्थानों पर पाइपलाइन को शिफ्ट किया जाएगा। कुछ स्थानों पर डीप में डाला जाएगा। तहसील कार्यालय क्षेत्र मंगलवार बाजार क्षेत्र लाल बंगला एरिया बाड़ी मैदान क्षेत्र में अधिकारियों द्वारा वाटर पाइप लाइन का निरीक्षण किया गया। मेरी जानकारी के अनुसार ब्रिज के लेआउट में तकरीबन 800 मीटर के एरिया में जहां-जहां पर वॉटर पाइपलाइन आ रही है। उसे ट्रांसफर किया जाएगा इसके लिए ग्राउंड लेवल पर अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया है। वहीं हरदा कलेक्ट्रेट कार्यालय में ओवरब्रिज के लेआउट एरिया में आ रहे निजी भूमि के संबंध में भी भू अर्जन संबंधित कार्रवाई चल रही है। प्रारंभिक रूप में फिलहाल 81 शासकीय भूमि निजी भूमि, पट्टे की जमीन, आबादी के एरिया ब्रिज के एलाइनमेंट एरिया में आए हैं। जिनकी सूची तैयार की जा रही है।

#### इनका कहना है

खिरकिया ओवर ब्रिज के भू अर्जन संबंधित कार्रवाई जारी है , सेक्सन 11 के अंतर्गत इस सप्ताह समिट किए जाएंगे।

**सिद्धार्थ जैन कलेक्टर**, हरदा

---

### केंद्रीय राज्य मंत्री उईके 11 को आएंगे

**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके 11 से 15 जनवरी तक संसदीय क्षेत्र बैतूल के भ्रमण पर रहेंगे। नउइके 11 जनवरी को बैतूल आयेंगे तथा संसदीय क्षेत्र के बैतूल, हरदा व खण्डवा जिले में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री उईके 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे बैतूल से प्रस्थान कर 11 बजे सर्किट हाउस हरदा आयेंगे तथा 11:30 बजे नेहरू स्टेडियम हरदा में आयोजित कमल युवा खेल महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके बाद वनमण्डल कार्यालय के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

---

### जिला कार्यालय में कांग्रेस की प्रभारी ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

# अध्यक्ष, विधायक कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में जाएंः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




जिला कांग्रेस कार्यालय में सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी रचना जैन उपस्थित रहीं। प्रभारी ने जिला अध्यक्ष, विधायक एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए कि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में जाया जाए। इसी दौरान कहा कि पिछले दिनों भागीरथपुरा में जहरीले पानी से 20 मौतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च कल 11 जनवरी को इंदौर में होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीला एवं दूषित पानी पीने से अब तक 20 निर्दोष नागरिकों की मौत और 1000 से अधिक लोगों के बीमार होने की भयावह घटना ने भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता और प्रशासनिक विफलता को उजागर कर दिया है। यह केवल हादसा नहीं, बल्कि शासन की आपराधिक लापरवाही का परिणाम है इन मौतों और आम नागरिकों की जान से खुलेआम खिलवाड़ के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी 11 जनवरी रविवार को सुबह 11 बजे इंदौर के बड़ा गणपति मंदिर से राजवाड़ा चौक स्थित माँ अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थल तक प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम है, जिसमें प्रदेश कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता नागरिक शामिल होंगे। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन सांई,हरदा विधायक डॉ रामकिशोर दोगने,वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय सुरमा,हरदा नपा नेताप्रतिपक्ष अमर रोचलानी हरदा ब्लाक अध्यक्ष गोविन्द व्यास टिमरनी ब्लाक अध्यक्ष विनोद पटेल, खिरकिया ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी, रहटगांव ब्लाक अध्यक्ष रामदीन पटेल,सोनतलाई ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र विश्नोई, करताना ब्लाक अध्यक्ष विक्रम सिंह राजपूत, मगरधा ब्लाक अध्यक्ष संजय भायरे, खिरकिया नगर अध्यक्ष आशुतोष कोठारी सेवादल अध्यक्ष मुन्ना पटेल,युवक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश चौहान आदि मौजूद रहे।